निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

16 श्रावण 1947 (श0)

(सं0 पटना 1321) पटना, वृहस्पतिवार, 7 अगस्त 2025

परिवहन विभाग

अधिसूचना

6 अगस्त 2025

सं० 06/स्क्रैपिंग (RVSF)–11–01/2025/**6544**—वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–F.No.-44(1)/PF-S/2025-26(CAPEX), दिनांक–22.05.2025 द्वारा सभी राज्यों हेतु "Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment 2025-26" के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है। जिसमें Part-VIA की कंडिका–4.1.2. Milestone2: के आलोक में 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों को वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य में स्थापित निबंधित यान स्क्रैपिंग सुविधा के माध्यम से वाहनों को स्क्रैप करने हेतु प्रोत्साहन राशि का पुनर्निर्धारण किया गया है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निदेश के आलोक में बिहार सरकार के सभी विभागों (बोर्ड, निगम तथा अन्य कार्यालयों सहित) के 15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी वाहनों को केवल MSTC पोर्टल के माध्यम से केवल बिहार में पंजीकृत RVSF के द्वारा ई.नीलामी की अनुमति के लिए स्क्रैपिंग हेतु निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) में संशोधन की स्वीकृति की जाती है।

2. SOP की शेष कंडिका यथावत् रहेगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मिहिर कुमार सिंह,
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 1321-571+10-डी0टी0पी0
Website: : https://egazette.bihar.gov.in